2020/00127

FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत न्यायालय प्रथम अपील अधिकारी एवं जिला कलक्टर मुकाम करौली

नंदलाल व्यास, बसंत विहार, तीसरी 'ए' रोड, सरदार पुरा, जोधपुर – अपीलाण्ट

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर, करौली – रेस्पोण्डेण्ट

मु.नं. 65/2020 किस्म मुकदमा–अपील सूचना का अधिकार अधि. 2005 ता.रजु. 11.11.2020

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए
11.11.2020	अपीलाण्ट द्वारा लोक सूचना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर करौली को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(1) तहत आवेदन प्रेषित कर करौली जिले में सिलिकोसिस बीमारी के लिये कार्यरत एवं खनन मजदूरों के हितार्थ कार्य करने वाली सामाजिक संस्थाओं की सूची, खुली सांस नामक पायलट प्रोजेक्ट से संबंधित पत्रावलियों की सूची आदि कुल 6 बिन्दुओं की सूचना चाही गई थी जिसे प्रत्यर्थी द्वारा आवेदक को उपलब्ध नहीं करवाये जाने के कारण यह प्रथम अपील पेश की है। अपील, अपीलाण्ट दर्ज रजिस्टर की जाकर पत्रावली का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी द्वारा अपील के साथ प्रार्थना पत्र प्रेषित करने का प्रमाण, आवेदन शुल्क का प्रमाण आदि संलग्न प्रेषित नहीं किये गये हैं ना ही अपील दो प्रतियों में पेश की गई है। अतः अपील अपीलाण्ट अस्वीकार की जाती है। निर्णय की प्रति उभय पक्षकारान को प्रेषित हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 11.11.2020 को सरे इजलास सुनाया गया। प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर, करौली	1389-90 18.11.2020